12. किसी p-n संधि के बनने में होने वाली दो प्रक्रियाएँ लिखिए । आरेख की सहायता से p-n संधि में ह्रासी क्षेत्र और विभव प्राचीर बनने की व्याख्या कीजिए । 3

Write the two processes that take place in the formation of a p-n junction. Explain with the help of a diagram, the formation of depletion region and barrier potential in a p-n junction.

13. (i) साइक्लोट्रॉन आवृत्ति के लिए व्यंजक प्राप्त कीजिए । 3

(ii) किसी ड्यूटेरॉन और प्रोटॉन को साइक्लोट्रॉन द्वारा त्वरित किया गया । क्या इन दोनों को समान दोलक-आवृत्ति से त्वरित किया जा सकता है ? अपने उत्तर की कारण सहित पुष्टि कीजिए ।

(i) Obtain the expression for the cyclotron frequency.

(ii) A deuteron and a proton are accelerated by the cyclotron. Can both be accelerated with the same oscillator frequency ? Give reason to justify your answer.

14. (i) आइंस्टीन के प्रकाश-विद्युत समीकरण की सहायता से किसी प्रकाश-सुग्राही पृष्ठ द्वारा इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन की व्याख्या किस प्रकार की जा सकती है ? 3

(ii) नीचे कुछ धातुओं का कार्य फलन दिया गया है :

Na = 2.75 eV, K = 2.3 eV, Mo = 4.17 eV और Ni = 5.15 eV. इन धातुओं से 1 m दूरी पर स्थित किसी लेसर स्रोत के 3300 Å तरंगदैर्ध्य के विकिरणों से इन धातुओं में से कौन प्रकाश-विद्युत उत्सर्जन नहीं करेंगी ? यदि इस लेसर स्रोत को और पास 50 cm दूरी पर रख दें तो क्या होगा ?

(i) How does one explain the emission of electrons from a photosensitive surface with the help of Einstein's photoelectric equation ?

(ii) The work function of the following metals is given : Na = 2.75 eV, K = 2.3 eV, Mo = 4.17 eV and Ni = 5.15 eV. Which of these metals will not cause photoelectric emission for radiation of wavelength 3300 Å from a laser source placed 1 m away from these metals ? What happens if the laser source is brought nearer and placed 50 cm away ?

